भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2933
दिनांक 12 मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर
सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर

2933 : श्री दयानिधि मारन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध वेंटिलेटरों की मद-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) सरकारी अस्पतालों में 24 मार्च, 2020 से केंद्र सरकार द्वारा खरीदे और स्थापित किए गए वेंटिलेटरों की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है ; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान वेंटिलेटरों की खरीद और संस्थापना के लिए सरकार द्वारा राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितनी राशि व्यय की गई है ?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग): जन स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य का विषय होने के कारण इस प्रकार की सूचना केन्द्रीय रूप में नहीं रखी जाती है।

तथापि, दिनांक 05.03.2021 की स्थितिनुसार सरकार ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केन्द्रीय सरकारी संस्थाओं को 38867 वेंटिलेटर आवंटित किए हैं। 38867 वेंटिलेटर्स में से 35,269 वेंटिलेटर्स स्थापित किए जा चुके हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केन्द्रीय सरकारी संस्थान-वार ब्यौरा अनुलग्नक पर दिया गया है।

38867 वेंटिलेटर्स की खरीद के लिए सरकार द्वारा कुल 1850.76 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है।

***

अनुलग्नक

(दिनांक 05.03.2021 की स्थितिनुसार)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केन्द्रीय सरकारी संस्थान	वेंटि लेटर्स	
		आवंटन	स्थापित
1.	अंडमान ओर निकोबार द्वीपसमूह	34	34
2.	आंध्र प्रदेश	4960	4900
3.	अरूणाचल प्रदेश	63	35
4.	असम	1000	802
5.	बिहार	500	500
6.	चंडीगढ़	65	65
7.	छत्तीसगढ़	230	230
8.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	20	20
9.	दिल्ली	763	756
10.	गोवा	250	200
11.	गुजरात	3400	3370
12.	हरियाणा	423	421
13.	हिमाचल प्रदेश	500	495
14.	जम्मू और कश्मीर	908	892
15.	झारखंड	460	451
16.	कर्नाटक	3025	1859
17.	केरल	480	480
18.	लदाख	130	130
19.	मध्य प्रदेश	1459	832
20.	महाराष्ट्र	4434	4360
21.	मणिपुर	97	97
22.	मेघालय	54	54
23.	मिजोरम	115	115
24.	नागालैंड	120	118
25.	ओडिशा	567	424
26.	पुद्दुचेरी	107	100
27.	पंजाब	810	502
28.	राजस्थान	1900	1871
29.	सिक्किम	10	0
30.	तमिलनाडु	1450	1447
31.	तेलंगाना	1400	1364
32.	त्रिपुरा	92	92
33.	उत्तराखंड	700	598
34.	उत्तर प्रदेश	4016	3809
35.	पश्चिम बंगाल	1120	1106
36.	लक्षद्वीप	57	52
37.	केन्द्रीय संस्थान	3148	2688
	कुल	**38,867**	**35,269**